
02

# आज समाज

04



www.aajsamaaj.com

नई दिल्ली, पृष्ठ-04, मंगलवार, 02 मई 2023 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र विक्रमी संवत 2080, अमांत-वैशाख, शुक्ल पक्ष द्वादशी, मूल्य 2.00 रुपया


# पुस्तक का किया विमोचन




पुस्तक का विमोचन करते हुए। आज समाज

**बल्लभगढ़।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में सोमवार को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में राजनीतिक विचारकों के योगदान पर राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन व नेतृत्व में किया गया। इस सम्मेलन को महानिदेशक उच्च शिक्षा, हरियाणा द्वारा अनुमोदित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ दीपशिखा प्रज्वलन एवं पौधा देकर अतिथियों के सत्कार के साथ हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सम्मेलन एक मंच प्रदान करेगा और शिक्षाविदों, शोधकताओं और छात्रों के बीच बातचीत को सक्षम करेगा। सम्मेलन का उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम में हमारे महान राजनीतिक विचारकों, कार्यकर्ताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान पर चर्चा और प्रशंसा करना है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डीएवी इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, फरीदाबाद के निदेशक व सेवानिवृत्त प्राचार्य डीएवी शताब्दी महाविद्यालय से डॉ. सतीश आहूजा रहें । इस शुभ अवसर पर पुस्तक विमोचन किया गया। जहां विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञों और शिक्षाविदों की उपस्थिति में उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ।